## ACADEMIC ACTIVITIES DURING THE SESSION (2016-17)

### Research facilities available for students

- 20 students are admitted in ***M.Phil. Subaltern Studies*** programme for the session 2016-17.
- One Student is admitted in Ph.D. in Subaltern Studies programme for the session 2016-2017.

- To start ***Ancillary Course for the Under Graduate students*** from the current session 2016-2017.
- To start ***Minor Electives course for the Post Graduate students*** from the current session i.e. 2016-2017.
- To start ***M.A. in Social Exclusion and Inclusive Policy*** from the academic session i.e. 2017-2018.

### Special Lecture Series organized during the academic session (2016-2017)

In continuation of the special lecture series the following lectures were organized during the academic session 2016-17.

| S.No. | Name of Scholars | Topic | Date and Venue |
|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Manjeet K Chaturvedi, Dean, FSS & Shri Abhay Kumar Thakur, Finance Officer, BHU | Induction programme | 18.07.2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 2. | Shri A.K. Srivastava Senior Manager, UCO Bank | Financial Inclusion | 19.07.2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 3. | Prof. T.P. Singh, Coordinator, CSSEIP, FSS, BHU | Naxalism in India | 28th July 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 4. | Prof. Shri Prakash Singh, New Delhi & Dr. Sanjay Paswan, Patna | Ambedkar | 30th July 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 5. | Prof. Anishur Rehman, New Delhi | Empowering disadvantaged groups: Migration and Diaspora as a factor | 3rd August 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 6. | Acharya Kameshwar Upadhyay, National President, Akhil Bhartiya Vidwat Parisad | fo'o euq"; uhfr dk Lo:i | 11th August 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 7. | Shri Abhay Kumar Jee | lkekftd ekuoh;dj.k | 1st Sept. 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 8. | Prof. D.P. Singh, Ex-VC, Lucknow University | Vivekanand | 15th Sept. 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | Prof. Tej Pratap Singh, Coordinator, CSSEIP, FSS, BHU | "Uri Attack: Its fallout & Policy Options for India" | 29th Sept. 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 10. | Dr. Vishwanath Pandey, Former PRO and OSD, CCC, Banaras Hindu University, Varanasi | Poona Pact & Dr. B.R. Ambedkar | 6th October 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 11. | Prof. Ajit Kumar Pandey, Former Coordinator, CSSEIP (1st) & Professor of Sociology, Faculty of Social Sciences, BHU, Varanasi | Subalternity, Exclusion and Social change in India | 15th October 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 12. | Prof. Ashok Kumar Kaul, Former Coordinator, CSSEIP (second) & Professor of Sociology, Faculty of Social Sciences, BHU | Kashmir: Understanding Estrangement | 27th October 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 13. | Dr. Daya Shankar Tripathi, Eminent Environmentalist, Banaras Hindu University, Varanasi | Multiple Dimensions of Environmental Science | 10th November 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 14. | Prof. Hare Ram Tiwari, Dept. of Sociology, IIT, Kharagpur | Globalization and Developing Countries: Prospects & Concerns on | 17 November 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 15. | Ms Suja Warrior Infosys, Bangalore | Corporate Social Responsibility | 30th December 2016 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 16. | Prof. Rajani Ranjan Jha, Former Dean, Faculty of Social Sciences, BHU | Federalism As An Inclusive Form of Governance" | 27th January 2017 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 17. | Swami Abhishek Brahmachari, Varanasi | Swami Sahjanand and Vanchit Samaj: Ek Vimarsh | 25th February 2017 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 18. | Prof. Harald Wiese, Germany | *Mandala Theory of Kautilya* | 4th March 2017 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 19. | Prof. Kumar Suresh, National University of Educational Planning & Administration (NUEPA), New Delhi | *Diversity and Equity in Higher Education: Policies & Institutional Practices* | 20th March 2017 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 20. | Prof Bob Smith, Melbourne, Australia | ***Governance & Capability: Contemp. Issues for Citizens & Governments*** | *23rd March 2017 at Prof. H.N. Tripathi Confernece Hall, FSS, BHU* |

*Note: details of the special lectures are given below*

**Other Academic meets**

## SPECIAL PROGRAMME ORGANIZED ON THE TOPIC "BANARAS HINDU UNIVERISTY AND MODEL UNITED NATIONS" ON 30TH SEPT. 2016 TO 1ST OCTOBER 2016 BY CENTRE FOR STUDY OF SOCIAL EXCLUSION AND INCLUSIVE POLICY, FACULTY OF SOCIAL SCIENCES, BHU, VARANASI - 221005

- **Workshop on "*From the Periphery to the Centre*" organized by Centre for Study of Social Exclusion and Inclusive Policy, Faculty of Social Sciences, BHU on 5th December 2016 to 6th December 2016**

- **Workshop on "*Research Methodology for Dalit Studies*" organized by Centre for Study of Social Exclusion and Inclusive Policy, Faculty of Social Sciences, BHU on 15th January 2017 to 21st January 2017**

- **Workshop on "*Social Exclusion & Social Inclusion*" organized by Centre for Study of Social Exclusion and Inclusive Policy, Faculty of Social Sciences, BHU on 28th January 2017 to 3rd February 2017**



***Induction programme of the Centre Chaired by Prof. Manjeet K. Chaturvedi, Dean, Faculty of Social Sciences & Shri Abhay Kumar Thakur, Finance Officer, BHU (18.07.2016)***



***Special lecture on "Financial Inclusion" delivered by Shri AK Srivastava on 19th July 2016***



***Special lecture on "Naxalism in India" delivered by Prof. T.P. Singh, on 28th July 2016***



***Special Lecture on "Ambedkar" delivered by Dr. Sanjay Paswan, Patna and Prof. Shri Prakash Singh, Delhi on 30th July 2016***



***Special Lecture on "Empowering disadvantaged groups: Migration and Diaspora as a factor" delivered by Prof. Anishur Rehman, New Delhi on $3^{rd}$ August 2016***



आचार्य कामेष्वर उपाध्याय, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय विद्वत परिषद् will speak on ***"विश्व मनुष्य नीति का स्वरूप"* on $11^{th}$ August at 3:00 P.M.**



***Special lecture on "Samajik Manviyakaran" delivered by Shri Abhay Kumar on 1st September at 3:00 P.M.***




***Special lecture on "Vivekanand" delivered by Prof. D.P. Singh, Ex-Vice-Chancellor, Lucknow University, Lucknow on on 15th September 2016***



***Special lecture on "Uri Attack: Its fallout & Policy Options for India" delivered by Prof. Tej Pratap Singh, Coordinator, CSSEIP, BHU on 29th September 2016***




Special lecture on ***"Poona Pact and Dr. B.R. Ambedkar"*** delivered by Dr. Vishwanath Pandey, Former PRO & Officer on Special Duty, Centennial Celebrations Cell, BHU on **6th October 2016**



Special lecture on ***"Subalterniity, Exclusion and Social Change in India"*** delivered by Prof. Ajit Kumar Pandey, Former Coordinator, CSSEIP (First) & Professor of Sociology, Faculty of Social Sciences, Banaras Hindu University, Varanasi on ***15th*** **October 2016**



Special lecture on ***"Kashmir: Understanding Estrangement"*** delivered by Prof. Ashok Kumar Kaul, Former Coordinator, CSSEIP (Second) & Professor of Sociology, Faculty of Social Sciences, Banaras Hindu University, Varanasi on ***27th*** **October 2016**



Special lecture on ***"Multiple Dimensions of Environmental Science"*** delivered by Dr. Daya Shankar Tripathi, Eminent Environmentalist, Banaras Hindu University, Varanasi on ***10th November*** **2016**



Special lecture on ***"Globalization and Developing Countries: Prospects & Concerns"*** delivered by Prof. Hare Ram Tiwari, Indian Institute of Technology, Kharagpur on ***17th November*** **2016**





Workshop on ***"From the Periphery to the Core"*** at CSSEIP, FSS, BHU on 5th December 2016 to 6th December 2016



Special lecture on ***"Corporate Social Responsibility"*** delivered by Ms. Suja Warriar, Infosys, Bangalore on ***30th December 2016***



Special lecture on ***"Federalism As An Inclusive Form of Governance"*** delivered by Prof. Rajani Ranjan Jha, Former Dean, Faculty of Social Sciences, BHU on ***27th January 2017***




Workshop on ***"Research Methodology for Dalit Studies"*** at CSSEIP, FSS, BHU on 15th January 2017 to 21st January 2017




Workshop on ***"Social Exclusion & Social Inclusion"*** at CSSEIP, FSS, BHU on 28th January 2017 to 3rd February 2017




Workshop of Sewa International on 11th February 2017 to 12th February 2017 at CSSEIP, FSS, BHU on 28th January 2017 to 3rd February 2017




***Interactive session*** with Heberu University, Israel and CSSEIP, FSS, BHU on 13th February 2017 at CSSEIP, FSS, BHU



Special lecture on ***"Environmental Security for Socially Excluded: Imperatives for Sustainable Development"*** delivered by Prof. Narottam Gaan, Orissa on ***20th February 2017***



Special lecture on ***"Mandala Theory of Kautilya"*** delivered by **Prof Harald Wiese, Germany** on ***4th March 2017***



Special lecture on ***"Diversity and Equity in Higher Education: Policies & Institutional Practices"*** delivered by **Prof Kumar Suresh, NUEPA, New Delhi** on ***20th March 2017***



Special lecture on ***"Governance & Capability: Contemp. Issues for Citizens & Governments"*** delivered by **Prof Bob Smith, Melbourne, Australia** on ***23rd March 2017***

*Newspapers cutting i.e. 2016-2017*

## एक नजर

### समावेशी नीति अध्ययन केंद्र में सत्र शुरू

**वाराणसी : सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र, बीएचयू में सोमवार को सत्र की शुरुआत हुई। इसमें एफओ अभय कुमार ने बताया कि सभी पदार्थ में सार्वभौमिक रूप से एक अंतर्विरोध पाया जाता है जो कि विकास में सहायक होता है। इस मौके पर संकाय प्रमुख प्रो. मंजीत चतुर्वेदी, प्रो. तेज प्रताप सिंह, डा. अमरनाथ पासवान, डा. शरद धर शर्मा, एचएल दुसाद आदि उपस्थित थे। संचालन डा. विनीता चंद्रा ने किया।**

### समरसता के सिद्धांतों से ही देश की प्रगति

**वाराणसी।** सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र बीएचयू में आरएसएस के काशी प्रांत के प्रचारक अभय कुमार का व्याख्यान हुआ। 'सामाजिक समरसता एवं मानकीकरण' विषय पर अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि हमारे समाज की असली प्रगति जब होगी जब हम समरसता के सिद्धांतों को आगे बढ़ाएंगे। अध्यक्षता प्रो. तेज प्रताप सिंह ने की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शरद धर शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. विनिता चंद्रा, डॉ. अमरनाथ पासवान, डॉ. सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

**वाराणसी** | बुधवार | 20 जुलाई 2016

### समावेशी नीति को बढ़ावा दे रही सरकार

वाराणसी (ब्यूरो)। बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र में मंगलवार को यूको बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव का व्याख्यान हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं समावेशी नीति को धरातल पर ला रही हैं। जन धन योजना, सुकन्या योजना महिलाओं को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही हैं। अध्यक्षता संकाय प्रमुख प्रो. मंजीत चतुर्वेदी ने की। स्वागत प्रो. टीपी सिंह, संचालन डॉ. विनीता चंद्रा ने किया।

1845 में प्रसिद्ध भारतीय वकील और सामाजिक कार्यकर्ता फिरोजशाह मेरवानजी मेहता

# मजबूत अर्थतंत्र में प्रवासी दे रहे योगदान

**वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता**




बुधवार को बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय में व्याख्यान देते दिल्ली जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रो. अनीसुर्रहमान। साथ हैं प्रो. मंजीत चतुर्वेदी, प्रो. तेजप्रताप सिंह व अन्य।

भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। यह बात नई दिल्ली स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रो. अनीसुर्रहमान ने बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय के डॉ. अम्बेडकर पीठ एवं सामाजिक बहिष्करण एवं सामवेशी नीति अध्ययन केंद्र में बुधवार को आयोजित व्याख्यान में कही।

उन्होंने बताया कि यही कारण है जब पूरा विश्व मंदी के दौर में था, तब भारत की अर्थव्यवस्था इससे अछूती रही। अध्यक्षता करते हुए संकाय प्रमुख प्रो. मंजीत चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय प्रवासियों ने विकास तो किया है, पर उनके दिल में अपने देश से दूर रहने की व्यथा भी है। मुख्य वक्ता का स्वागत केंद्र के समन्वयक प्रो. तेजप्रताप सिंह ने किया। प्रो. भूपेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. ताबिर कलाम, डॉ. अमरनाथ पासवान, डॉ. शरद धर शर्मा, डॉ. सुशील कुमार, दशरथ कुमार शर्मा, संतोष कुमार शर्मा रहे।

## डॉ. अनिसुर्रहमान का व्याख्यान आज

**वाराणसी।** बीएचयू में सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र में बुधवार को जामिया मिलिया इस्लामिया (नई दिल्ली) के डॉ.अनिसुर्रहमान का व्याख्यान तीन बजे से होगा। व्याख्यान का विषय है- इम्पावरिंग डिसएडवांटेज ग्रुपः माइग्रेशन एंड डायस्पोरा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकाय प्रमुख प्रो.मंजीत चतुर्वेदी करेंगे।

# हिंदू ग्रंथों में मनुष्य के बीच विभेद नहीं

**वाराणसी :** बीएचयू स्थित सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संकाय में गुरुवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय था विश्व मनुष्य नीति का स्वरूप। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्वत परिषद के आचार्य कामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि विश्व में कोई भी धर्म ग्रन्थ खास करके हिंदू धर्म ग्रंथों में कहीं भी मनुष्य के बीच में विभेद नहीं किया गया, बल्कि उसके सद्‌गुणों एवं अवगुणों के बीच में विभेद है।

कहा कि हमें संपूर्ण ब्रह्मांड के मनुष्य को समानता के आधार पर देखना होगा। अध्यक्षता केंद्र समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने की। इस मौके पर डा. अमरनाथ पासवान, डा. सुशील कुमार, दशरथ, अरविंद, संतोष आदि उपस्थित थे। संचालन डा. विनिता चंद्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. शरद धर शर्मा ने किया।

## श्रेष्ठ राष्ट्र रहा है भारत

**वाराणसी** : सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र, बीएचयू की ओर से गुरुवार को व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि भारत एक श्रेष्ठ राष्ट्र रहा है। यहां का जीडीपी 17वीं से 18वीं शताब्दी में संपूर्ण विश्व का एक चौथाई रहा। कहा कि स्वामी विवेकानंद अपने विराट व्यक्तित्व के दम पर भारत की सभी समस्याओं का समाधान करते थे। डा. विनिता चंद्रा, डा. अमरनाथ पासवान, दशरथ कुमार शर्मा, चंद्रजीत कुमार आदि थे। अध्यक्षता केंद्र समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने की। धन्यवाद ज्ञापन डा. शरद धर शर्मा ने किया।

हिंदी पखवारा : काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित किए गए कई कार्यक्रम

# गुलामी से कम नहीं भाषा की पराधीनता

**वाराणसी** : काशी हिंदू विश्वविधालय के कई विभागों में हिंदी पखवारा मनाया गया। इसके तहत पत्रकारिता एवं जन संप्रेषण विभाग के प्रो. शिशिर बसु ने कहा कि हिंदी का विकास स्वतंत्रता के बाद तीव्र गति से हुआ है और हिंदी को देश के सभी हिस्सों में अपनाया जा रहा है।

मुख्य वक्ता विभाग के सह आचार्य डा. ज्ञान प्रकाश मिश्र ने कहा कि हिंदी भारत के जन–जन की भाषा है। किसी भी राष्ट्र के लिए भाषा की स्वतंत्रता अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि भाषा की पराधीनता किसी भी राष्ट्र की पराधीनता से कतई कम नहीं होती। किसी भी राष्ट्र की संस्कृति और सभ्यता को बचाए रखना है तो वहां की भाषा को समृद्ध और विकसित करना अनिवार्य है।

इस मौके पर डा. बाला लखेंद्र, डा. स्वर्ण सुमन, डा. शोभना नार्लीकर, नेहा पांडेय, कुमारी अमिता आदि ने विचार रखे। बताया कि विभाग में हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी भाषण प्रतियोगिता, हिंदी समाचार लेखन प्रतियोगिता और हिंदी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। उधर, राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से सीनेट हॉल, स्वतंत्रता भवन में 'पांच–दिवसीय पूर्णकालिक अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम' के चौथे दिन कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यह जानकारी हिंदी अधिकारी विचित्रसेन गुप्ता ने दी। इसके अलावा सीएचजीएस में भी हिंदी पखवारा मनाया गया। इसमें पुरातन छात्रा पारोमिता भट्टाचार्या, आनंदिता राय ने विचार रखे। मुख्य अतिथि छात्र अधिष्ठाता प्रो. एमके सिंह रहे। इस मौके पर प्रिंसिपल डा. चंचल कुमारी, डा. कहकशां, सुजीत कुमार बरनवाल, अखिलेश भाटिया, शुभ्रा सिंह, कावेरी भादुड़ी, अनीता यादव, कुंजलता, कन्हैया, वंदना, दिनेश चंद्र आदि ने व्याख्यान दिए। संचालन डा. श्रद्धा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन शालिनी मेहरोत्रा ने किया।



सीएचएस गर्ल्स स्कूल में हिंदी पखवारे का उद्घाटन करते अतिथिगण।

## समृद्ध है भारत का दर्शन

वाराणसी : सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र, बीएचयू में गुरुवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक अभय कुमार ने 'सामाजिक समरस्ता एवं मानकीयकरण' विषय पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत एवं भारतीय संस्कृति को विभिन्न काल खण्डों में दिगभ्रमित करने की कुचेष्टा तमाम ईसाई पादरियों एवं उनके समर्थक विद्वानों ने किया। हालांकि भारत का दर्शन इतना समृद्ध है कि हम अपनी सभी समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने की।

## भोजपुरी के लिए बैठक

**वाराणसी** : लंका स्थित जन भोजपुरी मंच के कार्यालय में गुरुवार को भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए बैठक की गई। इसमें ट्वीट को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से नीलय उपाध्याय, इन्दुशेखर त्रिपाठी, धीरज, रविकांत, इतेन्द्र, शाश्वत आदि ने अपने विचार रखे।

हिन्दुस्तान • वाराणसी • शुक्रवार • 16 सितम्बर 2016 06

# 'बीएचयू बिजनेस इनसाइट' का वीसी ने किया विमोचन



बीएचयू के वाणिज्य संकाय के प्लैटिनम जयंती वर्ष पर गुरुवार को वीसी प्रो. जीसी त्रिपाठी ने कॉमर्स विभाग की शोध पत्रिका 'बीएचयू बिजनेस इनसाइट' का विमोचन किया।

**वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता**

बीएचयू के शताब्दी वर्ष और वाणिज्य संकाय के प्लैटिनम जयंती वर्ष के अवसर पर गुरुवार को कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी ने कॉमर्स विभाग की शोध पत्रिका 'बीएचयू बिजनेस इनसाइट' का विमोचन किया।

डीन प्रो. आशाराम त्रिपाठी ने बताया कि अकादमी ऑफ बिजनेस रिसर्च द्वारा इस पुस्तिका का प्रकाशन शोध को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। कुलपति ने कहा कि यह पत्रिका वाणिज्य, अर्थशास्त्र, प्रबंधन एवं व्यवसाय के शोधकर्ताओं के लिए बेहतर मंच प्रदान करेगी। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. के पी उपाध्याय, छात्र अधिष्ठाता प्रो. एमके सिंह, आईएमएस निदेशक प्रो. वीके शुक्ला, प्रो. आरपी शुक्ला आदि थे। बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण और समावेशी नीति अध्ययन केंद्र की ओर से गुरुवार को ह्यस्वामी विवेकानंद एवं समावेशी नीतिह्न विषयक सेमिनार आयोजित हुआ।

4 दैनिक जागरण वाराणसी, 16 सितंबर 2016

## एक नजर

### बीएचयू के कुलपति अमेरिका की यात्रा पर रवाना



**वाराणसी :** बीएचयू के कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी 16 से 23 सितंबर तक आठ दिवसीय यात्रा पर अमेरिका के लिए गुरुवार को यहां से रवाना हुए। वे 17 सितंबर को सनफ्रॉसिस्को में आयोजित ग्लोबल बीएचयू एलुमनी मीट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यात्रा के दौरान प्रो. त्रिपाठी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में बीएचयू के साथ शैक्षणिक सहमति पर चर्चा करेंगे।

### श्रेष्ठ राष्ट्र रहा है भारत

**वाराणसी :** सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र, बीएचयू की ओर से गुरुवार को व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि भारत एक श्रेष्ठ राष्ट्र रहा है। यहां का जीडीपी 17वीं से 18वीं शताब्दी में संपूर्ण विश्व का एक चौथाई रहा। कहा कि स्वामी विवेकानंद अपने विराट व्यक्तित्व के दम पर भारत की सभी समस्याओं का समाधान करते थे। डा. विनिता चंद्रा, डा. अमरनाथ पासवान, दशरथ कुमार शर्मा, चंद्रजीत कुमार आदि थे। अध्यक्षता केंद्र समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने की। धन्यवाद ज्ञापन डा. शरद धर शर्मा ने किया।

## मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कांफ्रेंस आज से

**वाराणसी।** बीएचयू सामाजिक विज्ञान संकाय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति केंद्र में दो दिवसीय 'बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कांफ्रेंस' का आयोजन शुक्रवार से होगा। इसमें देशभर से 350 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। आयोजन सचिव विधि संकाय के सारांश चतुर्वेदी ने बताया कि ऐसा सम्मेलन पहली बार यहां हो रहा है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनने वाले राजनैतिक परिदृश्य से अवगत कराना है। समापन अवसर पर एक अक्तूबर को वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा होंगे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी करेंगे।

हिन्दुस्तान 04
• वाराणसी • रविवार • 02 अक्तूबर 2016

# युवा

## चुनौतियों से घबराएं नहीं

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता



वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा।

प्रसिद्ध पत्रकार रजत शर्मा ने युवाओं से कहा है कि वे अपनी शक्ति सकारात्मक दिशा में लगाएं। युवा ही आज परिवर्तन के वाहक हैं। सपने देखें और आगे बढ़ें। चुनौतियों से घबराएं नहीं उनका मुकाबला करें।

श्री शर्मा शनिवार को बीएचयू के केएन उडुप्पा आडिटोरियम में 'मॉडल यूनाइटेड नेशंस कांफ्रेस' विषयक दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। छात्रों ने उनसे राजनीति के ज्वलंत मुद्दों, पत्रकारिता में कॅरियर आदि विषयों पर कई सवाल पूछे। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का जवाब दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.गिरीशचंद्र त्रिपाठी ने की। स्वागत प्रो.टीपी सिंह, संचालन शशांक और संयोजन सारांश चतुर्वेदी ने किया।

# बड़े सपने देखें, चुनौतियों का बहादुरी से सामना करें

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी।

जानेमाने टीवी पत्रकार रजत शर्मा शनिवार को बीएचयू में थे। वे यहां केएन उडुप्पा सभागार में आयोजित माडॅल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस में छात्र-छात्राओं से मुखातिब हुए। कहा, 'जीवन में संघर्ष आएंगे, चुनौतियां आएंगी, परेशानियां आएंगी, आप उसका बहादुरी से मुकाबला करें। इस देश की मिट्टी में ऐसे तत्व हैं जो ईमानदार, मेहनती और जुझारू लोगों को सफलता के सोपान तक ले जाते हैं...।'



रजत शर्मा

कहा , जीवन में जब सफल हो जाएं तो आपके मन में विनम्रता होनी चाहिए। रजत शर्मा ने कहा कि भारत वह देश है जहां महामना जैसी विभूतियां हुईं। यह वही देश है जहां चाय बेचने वाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है। इसीलिए आपसे कहता हूं कि बड़े सपने देखिए। ऐसे सपने देखिए जिसे पूरा किए वगैर आपको नींद न आए। इस दौरान रजत शर्मा ने छात्रों के सवालों के बेबाकी और शालीनता से जवाब दिया। छात्रों ने टेलीविजन शो 'आप की अदालत' से जुड़े तमाम भी सवाल पूछे। अध्यक्षता कर रहे बीएचयू के कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी ने बीएचयू के सौ साल के गौरवमयी सफर की जानकारी दी। स्वागत प्रो. टीपी सिंह और संचालन शशांक ने किया।

---

amarujala.com अमर उजाला शनिवार

## छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रणाली और बारीकियों को समझा-जाना

# वैश्विक मुद्दों पर गहन मंथन

अमर उजाला ब्यूरो


वाराणसी।

बीएचयू में शुक्रवार को दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का आगाज हुआ। विश्वविद्यालय में पहली बार आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशन्स में देश भर के कॉलेज व स्कूल से आए 400 विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा और बहस की। पांच अलग अलग सत्रों में राष्ट्र सुरक्षा से लेकर महिला हिंसा, नई शिक्षा नीतियों पर अलग अलग देशों का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रतिभागियों ने खुलकर चर्चा की। उन्हें संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रणाली को जानने-समझने का मौका मिला।

यूनाइटेड नेशन्स जनरल एसेंबली में अंतराष्ट्रीय थल सेना के आधार पर चर्चा की गई, जिसमें अधिकतर लोगों के विचार अंतरराष्ट्रीय थल सेना के अस्थाई होने पर था। सेक्यूरिटी काउंसिल में सूडान की सुरक्षा पर चर्चा हुई। डबल्यूएचओ पर चर्चा में पारित हुआ कि खतरनाक दवाओं के आयात पर व निर्यात पर पूर्णरूप से पाबंदी लगा देना चाहिए। लोकसभा में वर्तमान शिक्षा नीति पर भी बहस हुई। महिला हिंसा व उनकी सुरक्षा पर बहस हुई। अध्यक्षता केंद्र समन्वयक प्रो. टीपी सिंह ने की। सारांश चतुर्वेदी, आशीष भारद्वाज, अनिरुद्ध, अदिति, शिवम, अपूर्व, ललित, अमर्त्य, प्राची, निधि, ज्ञानेंद्र, प्रत्युष, अभिषेक, उत्कर्ष आदि का संयोजन रहा।

बीएचयू

**दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस का आगाज**



मॉडल यूनाइटेड नेशंस के पहले दिन एक मुद्दे पर विचार रखती छात्रा। आयोजन में देशभर के कई विद्यालयों से बच्चे जुटे हैं।

हिन्दुस्तान • वाराणसी • शनिवार • 01 अक्तूबर 2016 06

# ड्रग कारोबार के खिलाफ युवाओं ने उठायी आवाज

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

बीएचयू में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं ने सम-सामायिक मुद्दों बेबाकी से अपनी राय रखी। तर्क शक्ति का परिचय दिया। एहसास कराया कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर कितनी गहरी समझ है। नशे के कारोबार के खिलाफ आवाज उठाई। यह दिखा सामाजिक विज्ञान संकाय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र की से आयोजित 'मॉडल यूनाईटेड नेशंस' कार्यक्रम में।


यूनाईटेड नेशंस जनरल एसेम्बली में अंर्तराष्ट्रीय थल सेना के आधार, सूडान की सुरक्षा, नशे के कारोबार से युवाओं को हो रहे नुकसान पर चर्चा हुई। प्रस्ताव पारित हुआ कि खतरनाक ड्रगों के आयात पर एवं निर्यात पर पूर्ण पावंदी लगा देना चाहिए।

हयूमन राइटस कमीशन में महिलाओं के उत्पीड़न पर चर्चा हुई। लोक सभा में शिक्षा नीति पर चर्चा के दौरान ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली को बदलने पर जोर दिया गया। इसके अलावा अन्य समसामयिक विषयों पर छात्र-छात्राओं ने आंकड़ों के साथ तर्क-वितर्क किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पांच विभिन्न तकनीकी सत्र में यूनाइटेड नेशंस जनरल असेम्बली, सुरक्षा परिषद, विश्व स्वास्थ्य संगठन, मानवाधिकार आयोग और लोकसभा के मॉडल प्रस्तुत किए गए। अध्यक्षता प्रो. टीपी सिंह ने की। कार्यक्रम सचिव सारांश चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**कार्यशाला**

- बीएचयू में मॉडल यूनाईटेड नेशंस कार्यक्रम में खूब हुए तर्क-वितर्क
- दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन आज, 400 प्रतिभागी हैं शामिल



बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र में शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला में विचार रखती एक प्रतिभागी।

# न्याय की प्रक्रिया में हो समाज का समावेशन

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में गुरुवार डा. अम्बेडकर पीठ एवं सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र की ओर से सामाजिक विज्ञान संकाय में विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डा. विश्वनाथ पाण्डेय ने डा. अम्बेडकर के साथ महामना मालवीय के समावेशी विचारों पर का ब्यौरा दिया।

उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीतिक समुदाय को विश्वास में लिए बिना अंग्रेजों द्वारा किए गए तथाकथित राजनीतिक सुधार वस्तुतः भारतीय समाज तथा राष्ट्रीयता की कड़े साम्प्रदायिकता आधार पर तोड़ने के षडयंत्र को गांधी जी ने भी इसे पहचानते हुए इसका प्रतिकार करते हुए आमरण अनशन तक की बात कही। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की प्रक्रिया में समाज का समावेशन करना है। परन्तु अब इसको संतुलित एवं समावेशी बनाने की आवश्यकता है अन्यथा इसके दिग्भ्रमित एवं पथभ्रष्ट हो जाने का खतरा है।

अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकाय के प्रो. एके गौर अर्थशास्त्र विभाग ने किया। मुख्य वक्ता का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। संचालन डा. विनिता चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रो. अजित कुमार पाण्डेयए डा. अरूना कुमारीए डा. स्वपना मीना डा. अमरनाथ पासवान डा. शरद धर शर्मा डा अनिता कौल डा सुशील कुमार श्री दशरथ कुमार शर्मा चंद्रजीत मौर्या एवं केन्द्र के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

09 • वाराणसी • शुक्रवार • 07 अक्तूबर 2016 हिन्दुस्तान

# आरक्षण स्थायी समाधान नहीं

वाराणसी। बीएंचयू के अम्बेडकर पीठ एवं सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र में बुधवार को 'पूना समझौता और अम्बेडकर' विषय पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता डॉ. विश्वनाथ पांडेय ने कहा कि आरक्षण अम्बेडकर की दृष्टि में स्थायी समाधान नहीं था।

सामाजिक न्याय की प्रक्रिया में समाज का समावेशन करना है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि वर्तमान आर्थिक परिदृश्य एवं पक्रिया आर्थिक असमानता को बढ़ायेगी। इससे सामाजिक न्याय की प्रक्रिया बेमानी हो जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकाय के प्रो.एके गौर और स्वागत प्रो.तेजप्रताप सिंह ने किया। संचालन डॉ.विनीता चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रो. अजित कुमार पांडेय, डॉ.अरुणा कुमारी, डॉ.स्वपना मीना, डॉ.अमरनाथ पासवान, डॉ.शरदधर शर्मा, डॉ.अनिता कौल, डॉ.सुशील कुमार, दशरथ कुमार शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए।

07 • वाराणसी • रविवार • 16 अक्तूबर 2016 हिन्दुस्तान

# बीएचयू के शिवाजी सिंह को नेट में दूसरी रैंक

उपलब्धि

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

बीएचयू के विज्ञान संस्थान में एमएससी द्वितीय वर्ष (गणित) के छात्र शिवाजी सिंह ने प्रथम प्रयास में ही वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (सीएसआईआर.नेट) में देश में दूसरी रैंक हासिल की है। उन्होंने इसका श्रेय विभाग के शिक्षकों को दिया है। शिवाजी सिंह प्रतिदिन आठ से 10 घंटे स्वाध्याय के साथ ही सहपाठियों के साथ ग्रुप डिस्कशन भी करते हैं। वह गणित शिक्षक बनना चाहते हैं। विभाग के शिक्षकों ने शिवाजी को इस उपलब्धि पर शुभकामना दी है।

**जाति का सामाजिक स्वरूप विलुप्त हुआ :** बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र में शनिवार को आयोजित व्याख्यान में प्रो. अजित कुमार पांडेय ने कहा कि जाति का सामाजिक स्वरूप विलुप्त हो चुका है। अब इसका राजनीतिक स्वरूप ही बचा है। व्याख्यान की अध्यक्षता केंद्र के समन्वयक प्रो. तेजप्रताप सिंह ने की। इसमें प्रो. अशोक कौल, डॉ. मनोज आचार्य, दशरथ कुमार शर्मा, चंद्रजीत मौर्य आदि मौजूद रहे।

## आयुर्वेद संकाय में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 22 से

वाराणसी। बीएचयू के आयुर्वेद संकाय में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 22 व 24 अक्तूबर को होगी। संकाय प्रमुख प्रो. एम. साहू ने बताया कि संकाय में इन पांच वर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन से स्वीकृति मिल गयी है।

राष्ट्रीय सहारा 16.10.2016

# समाज का समावेशी विकास जरूरी




Rashtriya Sahara 11-11-2016

आइए हम सब मिल कर काले धन से आजादी
के इस अभियान में अपना योगदान दें और
देश के प्रति अपने कर्त्तव्य को निर्वहन करे। —— डा. महेश श

वाराणसी। शुक्रवार • 11 नवम्बर • 2016

# पर्यावरण के आयाम को समझना जरूरी

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध पर्यावरण वैज्ञानिक डा. दया शंकर त्रिपाठी थे। व्याख्यान का मुख्य विषय 'पर्यावरण विज्ञान के विविध आयाम' था।



उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अन्तर्गत वायुमंडल, स्थलमंडल तथा जलमंडल के भौतिक, रासायनिक एवं सभी तत्व सम्मिलित हैं। प्रकृति के दो तत्व 'वंशानुक्रम तथा पर्यावरण' जीवों एवं उनकी क्रियाओं को सबसे अधिक प्रभावित करते हैं। इसलिए पर्यावरण को समझने के लिए हमें वायुमंडल, स्थलमंडल, जलमंडल एवं जीवमंडल को समझना आवश्यक है। किसी जीव या उसके अजैविक एवं जैविक परिवेश के बीच अंतक्रिया केवल परिवेश या सूक्ष्म पर्यावरण को ही नही जीवों के क्रियाकलापों को भी दर्शाती है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण शिक्षा सदैव ही हमें सामाजिक पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति जागरूक करती है। जन जागरूकता का मुख्य उद्देश्य ज्ञानार्जन, व्यवहार व बुद्धि के विकास द्वारा व्यक्ति व सामाजिक समूह को जागरूक करना है जिससे प्रत्येक व्यक्ति वास्तविक जीवन के पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान में साझीदार बन सके।

उन्होंने केन्द्र के छात्रों एवं शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि बिना पर्यावरण के जागरूकता के समावेशी नीति नहीं बन सकती है। अध्यक्षता केंद्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने की। मुख्य वक्ता का परिचय एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. शरदधर शर्मा ने किया। संचालन डॉ. विनिता चंद्रा ने किय इसमें सामाजिक विज्ञान संकाय के शिक्षकों तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित थीं।

---

हिन्दुस्तान • वाराणसी • शुक्रवार • 11 नवम्बर 2016 06

बीएचयू में 'पर्यावरण विज्ञान के विविध आयाम' विषयक व्याख्यान में वक्ता ने जताई गई चिंता

# बगैर पर्यावरण जागरूकता के समावेशी नीति नहीं

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

बीएचयू के पर्यावरण विज्ञानी डॉ. दयाशंकर त्रिपाठी ने कहा है कि पर्यावरण शिक्षा सदैव ही हमें सामाजिक पर्यावरण दायित्वों के प्रति जागरूक करती है।

सामाजिक विज्ञान संकाय में 'पर्यावरण विज्ञान के विविध आयाम' विषयक व्याख्यान में उन्होंने कहा कि बिना पर्यावरण के जागरूकता के समावेशी नीति नहीं बन सकती है। पर्यावरण के अंतर्गत वायुमंडल, स्थलमंडल तथा



बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय में 'पर्यावरण विज्ञान के विविध आयाम' विषयक व्याख्यान देते पर्यावरण विज्ञानी डॉ. दयाशंकर त्रिपाठी।

जलमंडल के भौतिक, रासायनिक एवं सभी तत्व शामिल हैं। प्रकृति के दो तत्व वंशानुक्रम और पर्यावरण जीवों तथा उनकी क्रियाओं को सबसे अधिक प्रभावित करते हैं। इसलिए पर्यावरण को समझने के लिए हमें वायु, जल, जीव, स्थल मंडल को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी जीव या उसके अजैविक एवं जैविक परिवेश के बीच अंतरक्रिया केवल परिवेश या सूक्ष्म पर्यावरण को ही नहीं वरन जीवों के क्रियाकलापों को भी दर्शाती हैं।व्याख्यान की अध्यक्षता केंद्र समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने की। वक्ता का परिचय डॉ. शरदधर शर्मा ने और संचालन डॉ. विनीता चंद्रा ने किया। इस अवसर पर दशरथ कुमार शर्मा, विजय मिश्रा, जयदेव पांडेय उपस्थित थे।

---

आज वाराणसी

वाराणसी, ११ नवम्बर ,२०१६

# सामाजिक समूह में जागरुकता से पर्यावरणीय समस्याओं का होगा समाधान

प्रसिद्ध पर्यावरण वैज्ञानिक डाक्टर दयाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण शिक्षा सदैव ही हमें सामाजिक पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति जागरुक करती है। इसके लिए ज्ञानार्जन, व्यवहार, बुद्धि एवं योग्यता के विकास द्वारा व्यक्ति एवं सामाजिक समूह को जागरुक करना है जिससे प्रत्येक व्यक्ति वास्तविक जीवन के पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान में साझीदार बन सके। डाक्टर त्रिपाठी गुरुवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र में पर्यावरण विज्ञान के विविध आयाम विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अन्तर्गत वायुमण्डल, जलमण्डल तथा स्थलमण्डल के भौतिक, रासायनिक एवं सभी तत्व सम्मिलित है। प्रकृति के दो तत्व वंशानुक्रम तथा पर्यावरण जीवों एवं सभी तत्व सम्मिलित है। प्रकृति के दो तत्व वंशानुक्रम तथा पर्यावरण जीवों एवं उनकी क्रियाओं को सबसे अधिक प्रभावित करते हैं। पर्यावरण को समझने के लिए हमें वायुमण्डल, स्थलमण्डल तथा जलमण्डल को समझना आवश्यक है। किसी जीव । उसके अजैविक एवं जैविक परिवेश के बीच अनतक्रिया केवल परिवेश या सूक्ष्म पर्यावरण को ही नहीं वरन जीवों के क्रियाकलापों को भी दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बिना पर्यावरण जागरुकता के समावेशी नीति नहीं बन सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्र के समन्वयक प्रोफेसर तेज प्रताप सिंह एवं संचालन डाक्टर विनिता चंद्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर शरदधर शर्मा ने किया।

बीएचयू में आयोजित व्याख्यान में पर्यावरण वैज्ञानिक डाक्टर दयाशंकर त्रिपाठी के विचार

दुखद

—— शिवपाल यादव, उप्र सपा अध्यक्ष

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

# ओपीडी



ं में रोग से पीड़ित लोगों के पास जायें और ते हुए यह बतायें कि मिर्गी ला-इलाज नहीं कता की इस मुहिम में लगे लोगों की मदद साथ खड़ा है। संचालन न्यूरोलाजी के प्रो. धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रामेश्वरनाथ चौरसिया

## भूमंडलीकरण के लिए घातक जातिगत व्यवस्था

**वाराणसी।** सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र सामाजिक विज्ञान संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में गुरुवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान खड़गपुर के प्रसिद्ध समाजशास्त्री प्रो. हरे राम तिवारी ने भूमंडलीकरण के विभिन्न आयामों की चर्चा विकासशील राष्ट्रों के संदर्भ में किया।

उन्होंने कहा कि जबतक भारत जाति व्यवस्था एवं ऊंच नीच की सोच से ऊपर नही उठता है। सही मायने में भूमंडलीकरण उसके लिए घातक होगा। प्रो. तिवारी ने पूरे देश में एक प्रकार की प्राथमिक शिक्षा का आह्वान किया जिससे सभी वर्गो के लोगों का समान विकास हो। प्रो. तिवारी ने आने वाले दिनों वैश्विक पटल पर भारत की भूमिका पर भी चर्चा की। अध्यक्षता कर रहे प्रो. कौल ने प्रो. तिवारी के द्वारा रखे गये विभिन्न पहलुओं पर अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि समानता की विचार धारा प्रत्येक व्यक्ति के अन्तस में रहना जरूरी है, तभी समावेशी विकास हो सकता है। धन्यवाद ज्ञापन डा. शरद धर शर्मा ने किया।

अमर उजाला | वाराणसी | शनिवार, 31 दिसंबर 2016 | 4

## एनजीओ में कारपोरेट सेक्टर निभा रहा अहम भूमिका

वाराणसी (ब्यूरो)। सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र बीएचयू में शुक्रवार को 'कारपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी' पर इंफोसिस की सूजा वरियर का व्याख्यान हुआ। कहा कि कुछ गैर सरकारी संगठन अपने कामों को सही ढंग से कर रहे हैं, इसमें कारपोरेट सेक्टर की अहम भूमिका है। सभी वर्ग के समान विकास के लिए प्राथमिक शिक्षा में एकरूपता जरूरी है। इस दौरान प्रो. तेज प्रताप सिंह, डॉ. सुशील कुमार, दशरथ कुमार, विजय मिश्रा, जयदेव पांडेय, विशाल सिंह आदि रहे।

11 हिन्दुस्तान
• वाराणसी • रविवार • 29 जनवरी 2017

## समाज को देखने का नजरिया एक हो

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा है कि हमें अपने समाज को एकात्म स्वरूप में देखना होगा। प्रो. त्रिपाठी शनिवार को बीएचयू में सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र और सामाजिक विज्ञान संकाय की सात दिवसीय कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि हमें विवेकानन्द एवं भारत के समरसता के सिद्धांत को अपनाना होगा जिससे देश एक समावेशी राष्ट्र बन सकता है।

वाराणसी। रविवार • 29 जनवरी • 2017 राष्ट्रीय सहारा

## सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**वाराणसी।** बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र सामाजिक विज्ञान संकाय में शनिवार को सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी एवं अन्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा बीएचयू के आजीवन प्रोफेसर प्रो. देवेन्द्र प्रताप सिंह थे। कार्यशाला के प्रथम दिन की अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकाय के संकाय प्रमुख प्रो. मंजीत कुमार चतुर्वेदी ने की। केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने अथितियों का स्वागत किया। प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी व प्रो. डी.पी. सिंह ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता का परिचय एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला संयोजक डा.. शरद धर शर्मा ने किया। संचालन डा. विनिता चन्द्रा ने किया।

**अमर उजाला** वाराणसी शनिवार, 4 फरवरी 2017 6

## जामिया मिलिया और अलीगढ़ ने मारी बाजी

वाराणसी। सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति केंद्र बीएचयू में शुक्रवार को प्रथम अखिल भारतीय महामना स्मृति वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय अर्थव्यवस्था पर विमुद्रीकरण का प्रभाव विषय पर आयोजित इस हिंदी वर्ग की प्रतियोगिता में जामिया मिलिया इस्लामिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान अलीगढ़ मुस्लिम विवि और तीसरा स्थान जीबी पंत विवि ने प्राप्त किया। वहीं अंग्रेजी भाषा में अलीगढ़ मुस्लिम विवि ने प्रथम, जामिया मिलिया इस्लामिया ने दूसरा और बीएचयू ने तीसरा स्थान हासिल किया। अध्यक्षता छात्र अधिष्ठाता प्रो. एमके सिंह ने किया।

वाराणसी । शनिवार • 4 फरवरी • 2017 राष्ट्रीय **सहारा** WWW

## समाज में समरसता कायम करनी होगी

वाराणसी। बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र में शुक्रवार को कार्यशाला में वक्ताओं ने समाज में समरसता कायम करने पर बल दिया। मुख्य अतिथि बीएचयू के पूर्व कुलसचिव व कुलपति के वरिष्ठ सलाहकार डा. केपी उपाध्याय रहे व अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकाय के संकाय प्रमुख प्रो. मंजीत चतुर्वेदी ने की। विश्वजीत ने कहा कि बांटने, बिखराव, वैमनस्यता पर बढ़ाने से समाज में एक अंतहीन शुरुआत होगी। अतः इस केंद्र के माध्यम से ऐसी नीतियों पर अमल हो जिससे कि समाज में समावेशन और अपनाने की प्रवृति पर ज्यादा जोर हो। अतिथियों का स्वागत केंद्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह व संचालन डा. विनिता चंद्र, धन्यवाद ज्ञापन डा. शरद धर शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप, प्रो. आरपी सिंह, डा. अनीता कौल, डा. सुशील कुमार, डा. चंद्रजीत मौर्य, दशरथ कुमार शर्मा, अरविंद कुमार विश्वकर्मा, जयदेव पांडेय, कन्हैया कुमार, अरुण चौबे, विशाल सिंह,जय प्रकाश उपस्थित थे।

**आज**

वाराणसी, ४ फरवरी, २०१७

## देशकी तरक्कीको युवा ही दे सकते हैं धार

**बीएचयू छात्र अधिष्ठता कार्यालयमें आयोजित संगोष्ठीमें ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक नितिन तिवारीका कथन**

वैश्वीकरणके इस दौरमें सामाजिक समरसताको बनाये रखनेमें युवाओंकी भूमिका महत्वपूर्ण है। देशकी विकासके लिए युवा ही हर क्षेत्रमें धार देनेमें सक्षम हैं। ऐसे में युवाओंको अपनी ऊर्जा देशके विकासमें सकारात्मक सोचके साथ लगानेकी जरूरत है। यह बात काशी हिन्दू विश्वविद्यालय सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति केन्द्रकी ओरसे छात्र अधिष्ठाता कार्यालयके सभागारमें आयोजित 'भारतीय अर्थव्यवस्था पर विमुद्रीकरणका प्रभाव' विषयक संगोष्ठी एवं महामना स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगितामें बतौर मुख्य अतिथि वाराणसीके ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक नितिन तिवारीने कहीं। उन्होंने कहाकि वाद-विवाद जैसे



प्रतिस्पर्धाका आयोजन निश्चित ही देश और समाजके लिए लाभदायक होगा। समारोहकी अध्यक्षता करते हुए छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर महेन्द्र कुमार सिंहने कहाकि इस प्रकारके कार्यक्रम व्यक्तिके व्यक्तित्वको निखारनेमें सहायक सिद्ध होता है। यह न केवल व्यक्तिको तार्किक अपितु यर्थाथताकी अनुभूति करने वाला बनाता है। जिससे प्रतिस्पर्धकके अन्दर दुरदर्शिताका बीजारोपण होता है। वाद-विवाद प्रतियोगितामें हिन्दी वर्गमें जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय प्रथम, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वितीय एवं जी.वी. पंत विश्वविद्यालय तृतीय स्थानपर रहा।

इसी तरह अंग्रेजी वर्गमें अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय-प्रथम, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय-द्वितीय एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय-तृतीय स्थानपर रहा। इस अवसरपर स्वयंसेवक संघके प्रचारक श्री विश्वजीत जी, अजीत गुप्ता धर्मेन्द्र, श्रुति जैंनने भी विचार व्यक्त किया। अतिथियोंका कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर तेज प्रताप सिंहने स्वागत किया। समारोहका संचालन आयोजन सचिव सारांश चतुर्वेदीने किया।


वाराणसी । मंगलवार • 14 फरवरी • 2017 राष्ट्रीय सहारा

# बीएचयू में सांस्कृतिक संबंधों पर चर्चा

सहारा न्यूज ब्यूरो

वाराणसी।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र सामाजिक विज्ञान संकाय में सोमवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें इजराईल के हिब्रु विश्वविद्यालय के प्रो. टैमर जी अपने 20 छात्र एवं छात्राओं के साथ केन्द्र का भ्रमण किया और अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।



प्रो. टैमर ने व्याख्यान में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और हिब्रु विश्वविद्यालय की समानता की परिचर्चा कि साथ ही वाराणसी और जूरूसलम के बीच सांस्कृतिक संबंधों पर विचार प्रस्तुत की। उनका मत है कि वाराणसी और जूरूसलम विभिन्न धर्मो के होते हुए भी आपस में समन्वय रखते है अपने सांस्कृतिक की विरासत को बनाये रखते है। उनका मानना है कि वस्तु की संस्कृति को समझ कर ही नये संस्कृतिक का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने दोनों विश्व विद्यालय के छात्रों के बीच आपसी समन्वय पर बल दिया। अध्यक्षता केन्द्र के पूर्व समन्वयक प्रो. अशोक कुमार कौल ने की। संचालन डा. विनीता चंद्रा ने किया। इसमें सामाजिक विज्ञान संकाय के शिक्षकों तथा छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की।

07 • वाराणसी • मंगलवार • 14 फरवरी 2017 हिन्दुस्तान

# इजराइल के छात्रों ने बीएचयू देखा

वाराणसी। बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र पर सोमवार को इजराइल के हिब्रुव विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की टीम पहुंची। इनकी अगुवाई प्रो. टैमर कर रहे थे। 20 छात्रों के दल ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति और विविध धर्मों को समझा।

वैचारिक मंथन के पूर्व छात्रों के दल ने सामाजिक विज्ञान संकाय का भ्रमण किया। प्रो. टैमर ने व्याख्यान में बीएचयू और हिब्रुव विश्वविद्यालय की समानता पर चर्चा की तो वाराणसी और येरूसलम के बीच सांस्कृतिक संबंधों पर भी विचार रखे।

उन्होंने कहा कि वाराणसी और येरूसलम में विभिन्न धर्मों में समन्वय हैं तथा सांस्कृतिक विरासत को संजोए है। दोनों विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच विविध मुद्दों पर समन्वित स्वरूप भी रखा गया। अध्यक्षता केन्द्र के पूर्व समन्वयक प्रो.अशोक कुमार कौल ने की। संचालन डॉ.विनीता चंद्रा ने किया।

वाराणसी
अमर उजाला
वाराणसी
मंगलवार, 14 फरवरी 2017 4

# काशी व यरुशलम ने सहेज रखी है सांस्कृतिक विरासत

**हिब्रूव विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने बीएचयू का किया भ्रमण**

वाराणसी (ब्यूरो)। बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन कैंद्र में सोमवार को इजराइल के हिब्रूव विश्वविद्यालय के प्रो. टैमर का व्याख्यान हुआ। उनके साथ विश्वविद्यालय के 20 छात्र-छात्राओं का प्रतिनिधिमंडल भी था। व्याख्यान में प्रो. टैमर ने वाराणसी और यरुशलम के बीच के सांस्कृतिक संबंधों पर चर्चा की। कहा कि वाराणसी और यरुशलम ने अपने सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखा है। उन्होंने हिब्रूव व बीएचयू के छात्र-छात्राओं के बीच आपसी समन्वय पर भी जोर दिया। आशा जताई कि भविष्य में दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एक साथ शैक्षणिक कार्य करने का मौका मिले। अध्यक्षता कैंद्र के पूर्व समन्वयक प्रो. एके कौल ने की। संचालन डॉ. विनीता चंद्रा ने किया। मौके पर दशरथ कुमार शर्मा, जयदेव पांडेय, रजनी सिंह, प्रतीक आदि रहे।


वाराणसी । मंगलवार • 14 फरवरी • 2017 राष्ट्रीय सहारा

# बीएचयू में सांस्कृतिक संबंधों पर चर्चा

सहारा न्यूज ब्यूरो

वाराणसी।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र सामाजिक विज्ञान संकाय में सोमवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें



इजराईल के हिब्रु विश्वविद्यालय के प्रो. टैमर जी अपने 20 छात्र एवं छात्राओं के साथ केन्द्र का भ्रमण किया और अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

प्रो. टैमर ने व्याख्यान में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और हिब्रु विश्वविद्यालय की समानता की परिचर्चा कि साथ ही वाराणसी और जूरूसलम के बीच सांस्कृतिक संबंधों पर विचार प्रस्तुत की। उनका मत है कि वाराणसी और जूरूसलम विभिन्न धर्मो के होते हुए भी आपस में समन्वय रखते है अपने सांस्कृतिक की विरासत को बनाये रखते है। उनका मानना है कि वस्तु की संस्कृति को समझ कर ही नये संस्कृतिक का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने दोनों विश्व विद्यालय के छात्रों के बीच आपसी समन्वय पर बल दिया। अध्यक्षता केन्द्र के पूर्व समन्वयक प्रो. अशोक कुमार कौल ने की। संचालन डा. विनीता चंद्रा ने किया। इसमें सामाजिक विज्ञान संकाय के शिक्षकों तथा छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की।

# इजराइली विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया बी.एच.यू. का भ्रमण

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक हिठकरण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र का सोमवार को इजराइल के हिब्रुव विश्वविद्यालय के प्रोफेसर टैमर ने अपने २० विद्यार्थियों के साथ भ्रमण किया। भ्रमण के पश्चात् प्रोफेस्र टैमर ने बी.एच.यू. और हिब्रुव विश्वविद्यालय की समानता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वाराणसी और जरूसलम विभिन्न धर्मों के होते हुए भी आपस में समन्वय रखते हैं। दोनों अपनी संस्कृति की विरासत को बचाये हुए हैं। आपसी संस्कृति को समझ कर ही नये संस्कृति का निर्माण हो सकता है। उन्होंने दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य अन्तर्सम्बन्ध पर बल दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर अशोक कुमार कौल, डाक्टर विनीता चन्द्रा आदि लोग उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान • वाराणसी • रविवार • 26 फरवरी 2017 06

# सहजानंद के विचारों से ही समाज का कल्याण

जयन्ती

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र में शनिवार स्वामी सहजानन्द के 129वीं जयन्ती पर व्याख्यान हुआ। स्वामी सहजानन्द एवं वंचित समाजः एक विमर्श विषय पर वैचारिक मंथन हुआ।

मुख्य अतिथि स्वामी अभिषेक ब्रम्हाचारी ने कहाकि स्वामी सहजानन्द के विचार, उनके दिखाये निर्देश पर अमल किया जाए तो किसानों एवं उपेक्षित वर्ग का कल्याण तय है। स्वामी जी के विचार को अपनाने से ही ग्रामीण एवं कृषक समाज को सही मायने में न्याय मिल सकेगा।

इस दौरान रोहित कुमार सिंह ने विचार व्यक्त किये। स्वागत डॉ. शरदधर शर्मा ने किया तथा अतिथियों का परिचय डॉ. विकास कुमार ने किया। मुख्य रूप से प्रो. आरएन त्रिपाठी, डॉ.चन्द्रजीत मौर्य, अरविन्द विश्वकर्मा, प्रियंका मौजूद रही।

07 • वाराणसी • रविवार • 05 मार्च 2017 हिन्दुस्तान

# कौटिल्य के सिद्धांत की हो विवेचना

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र की ओर से शनिवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जर्मनी के प्रो. हराल्ड वेसी ने कौटिल्य मंडला सिद्धांत पर विचार व्यक्त किया।

उन्होंने कहाकि प्राचीन चतुरंग और आधुनिक शतरंज को राज्यों के संदर्भ में एक रणनीतिपरक खेमे के रूप में विकसित हुआ माना जाता है। इसे नए सिरे से समझने एवं विश्लेषित करने की आवश्यकता है।

अध्यक्षता केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने की। मुख्य वक्ता का परिचय एवं संचालन डॉ. विनीता चंद्रा ने किया। मुख्य रूप से प्रो. अशोक कुमार कौल, डॉ. प्रशांत ठाकुर, डॉ. सुशील कुमार ने विचार रखें। मुख्य रूप से दशरथ कुमार शर्मा, रजनी सिंह, राजेश कुमार, अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, कन्हैया प्रसाद, एवं विदेह सिंह मौजूद थे।



बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र में शनिवार को आयोजित व्याख्यान में जर्मनी के प्रो. हेराल्ड को सम्मानित किया गया। • हिन्दुस्तान

# शतरंज के समान हो गया है राजनीतिक परिदृश्य

काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र में शनिवार का जर्मनी के प्रोफेसर हराल्ड वेसी ने कौटिल्य मंडला थ्योरी पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि प्राचीन चतुरंग और आधुनिक शतरंज को राज्यों के संदर्भ में एक रणनीतिपरक खेमा में रुप में विकसित हुआ माना जाता है। इसे वर्तमान की प्रेरणा में नये सिरे से समझाने एवं विश्लेषित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्र के समन्वयक प्रोफेसर तेज प्रताप सिंह ने किया । कार्यक्रम का संचालन डाक्टर विनीता चंद्रा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर विनीता चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में सामाजिक विज्ञान संकाय के प्रोफेसर अशोक कुमार कौल, डाक्टर प्रशांत ठाकुर, डाक्टर सुशील कुमार, दशरथ कुमार शर्मा, रजनी सिंह, राजेश कुमार, अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, कन्हैया प्रसाद, विदेह सिंह आदि उपस्थित रहें।

## प्रवेश परीक्षा का आनलाइन आवेदन अब १० मार्च तक

काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र २०१७-१८ में प्रवेश के लिए आयोजित विश्व विद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि चार मार्च से बढ़ाकर १० मार्च कर दिया गया है। यह निर्णय विश्व विद्यालय प्रशासन द्वारा अभ्यर्थी के व्यापक हित को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है। संशोधित आनलाइन आवेदन की परिवर्तित अन्तिम तिथि प्रवेश परीक्षा पोर्टल पर भी अपलोड कर दिया गया है। यह जानकारी परीक्षा नियंता प्रोफेसर एस.के. उपाध्याय ने दी।

---

हिन्दुस्तान 04

• वाराणसी • मंगलवार • 21 मार्च 2017

कैम्पस

# शिक्षा के क्षेत्र में भेदभाव गलतः प्रो. सुरेश

**वाराणसी।** बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र में सोमवार को विशेष व्याख्यान हुआ। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. कुमार सुरेश कहा कि उच्च शिक्षा में समानता एवं विविधता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उच्च शिक्षण संस्थान में सबको समान स्तर से देखा जाना चाहिए। सामाजिक व आर्थिक स्तर पर भी समान.रूप से सुविधाओं और व्यवस्थाओं का होना जरूरी है। अध्यक्षता केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। संचालन डॉ. विनीता चन्द्रा ने किया।

---

आज

वाराणसी, २१ मार्च, २०१७

## उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव बर्दाश्त नहीं-कुमार सुरेश

उच्च शिक्षण संस्थान में सभी को समान स्तर से देखना चाहिए। भले ही वह किसी संघ या समुदाय से तात्पर्य रखता है। ये बातें सोमवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली के प्रोफेसर कुमार सुरेश ने उच्च शिक्षा में समानता एवं भिन्नता विषय पर व्याख्यान देते हुए कही। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों में भिन्नता के कारण आने वाले विद्यार्थी को होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए नितियों का निर्माण हो। साथ ही विद्यालय स्तर पर प्राथमिक शिक्षा के सन्दर्भ में देखना होगा कि सभी वर्गों के छात्रों का अभिराम समान रूप से संभव हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यन केन्द्र के समन्वयक प्रोफेसर तेजप्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में डाक्टर अमरनाथ पासवान, डाक्टर अनीता कौल, डाक्टर प्रशान्त आदि उपस्थित थे। संचालन डाक्टर विनीता चन्द्रा ने किया।

# Equality in higher edu stressed

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

Centre for Study of Social exclusion and Inclusive Policy (CSSEIP) organised a programme at the centre in Banaras Hindu University (BHU) on Monday in which Prof Kumar Suresh of National University of Educational Planning and Administration, New Delhi, delivered a lecture on "Diversity and Equality in Higher Education: Policies & Institutional Practices".

He said that in the higher education, maximum thrust was given on equality and diversity and the higher educational institutions should see all as equal. He stressed the need for the implementation of traditional policies as a practice in higher educational institutions and all persons irrespective of social and economic differences should be treated equally.

The function was presided over by centre's coordinator Prof Tej Pratap Singh. He also introduced the guest speaker. The function was conducted by Dr Vinita Chandra. The function was also attended by Amar Nath Paswan, Anita Kaul, Prashant Thakur, Sushil Kumar, Dashrath Kumar Sharma, Arvind Kumar Vishwakarma, Rajni Singh, Rajesh Kumar, Kanhaiya Prasad and Vishal Pratap Singh.

09 हिन्दुस्तान • वाराणसी • शुक्रवार • 24 मार्च 2017

# भारत अपना रहा सामूहिक नेतृत्व

वाराणसी। बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र में गुरुवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। आस्ट्रेलिया के प्रो. बॉब स्मिथ ने 'शासन और क्षमताः नागरिकों एवं सरकारों के समकालीन मुद्दे' विषयक व्याख्यान दिया।

प्रो. स्मिथ ने भारत की वर्तमान केन्द्र सरकार के बारे में बताया कि भारतीय शासन शक्तियों के सामूहिक नेतृत्व के प्रारूप को अपना रहा है। यदि भारत के पड़ाव को सफलतापूर्वक लागू करने में सफल होता है। तो यह भारत के लिए महत्वपूर्ण सफलता होगी। अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकाय प्रमुख प्रो. मंजीत कुमार चतुर्वेदी ने की। विषय स्थापना केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। संचालन डॉ. विनीता चन्द्रा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शरदधर शर्मा ने किया।

अमर उजाला वाराणसी शुक्रवार, 24 मार्च 2017 6

# शासन में सामूहिक नेतृत्व जरूरी : प्रो. बॉब

वाराणसी। बीएचयू के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र में गुरुवार को आस्ट्रेलिया के प्रो. बॉब स्मिथ का व्याख्यान हुआ। उन्होंने कहा कि शासन और सरकार का तात्पर्य सिर्फ आंतरिक शासन प्रशासन से नहीं है, इसका विस्तार देश व दूसरे राष्ट्र तक है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय शासन शक्तियों के सामूहिक नेतृत्व के प्रारूप को अपना रहा है। ये सराहनीय है। अध्यक्षता मंजीत चतुर्वेदी ने की। कार्यक्रम की रूपरेखा केंद्र के समन्वयक प्रो. टीपी सिंह ने रखी।

*****************************